**रजिस्टर्ड/सील्ड**

**उत्तर प्रदेश शासन**

**कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2**

**संख्या-391/2017/14/22-2-2017-17(33)/2017**

**लखनऊ: दिनांक: 05 जून, 2017**

**आदेश**

उत्तर प्रदेश के मा0 राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए **केन्द्रीय कारागार, वाराणसी** के सिद्धदोष **बन्दी हीरामन (बन्दी संख्या-148/2007) पुत्र श्री रामदास हरिजन, निवासी-टापू, थाना-चोपन, जिला-सोनभद्र,** जिन्हें **सत्र परीक्षण संख्या-198/2004** के अन्तर्गत भारतीय दण्ड विधान की **धारा-302/34, 307/34, 323/34, 506(2)** के अधीन मा0 अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट, सोनभद्र के आदेश **दिनांक 18-01-2007** द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया था, की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि उक्त बन्दी द्वारा अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला **मजिस्ट्रेट, सोनभद्र** के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

**संख्या-391/2017/14(1)/22-2-2017 तद्दिनांक :**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1-महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।

2-जिला मजिस्ट्रेट, सोनभद्र।

3-पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र।

4-निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

5-वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।

6-कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।

7-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in